जमशेदपुर । रांची । पटना । धनबाद । देवघर । कोलकाता । सिलीगुड़ी । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया से प्रकाशित

रविवार

जमशेदपुर, 28.01.2018

माघ शुक्ल 11 संवत 2074

पृष्ठ 32 (24+8 पेज की पत्रिका)

मूल्य : ₹ 5

नगर संस्करण

prabhatkhabar.com

झारखंड का सर्वाधिक प्रसारित दैनिक

प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

सेंट्रल जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क के मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह पहुंचे शहर, कहा

सेंट्रल जीएसटी ने पार किया 4700 करोड़ का टारगेट

उपमुख्य संवाददाता ▷ जमशेदपुर

सेंट्रल जीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क रांची के मुख्य आयुक्त शिव नारायण सिंह ने कहा कि विभाग को वित्तीय वर्ष का टारगेट 4700 करोड़ तय किया गया था. मौजूदा समय में इस टारगेट को पूरा कर लिया गया है. विभाग के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे बेहतर कार्य से टारगेट से अधिक राजस्व एकत्र हो गया है. बिहार में जीएसटी का कलेक्शन टारगेट से 35 और झारखंड में 25 प्रतिशत अधिक हो चुका है. जीएसटी के तहत अब विभाग किसी भी व्यापारी के यहां रेड-छापेमारी

जानकारी देते शिव नारायण सिंह.

नहीं करेगा. छापेमारी अभियान का नाम बदल कर जीएसटी वेरिफिकेशन कर दिया गया है. बिष्टुपुर स्थित सेंट्रल जीएसटी कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराने के बाद मुख्य आयुक्त एसएन सिंह ने कहा कि देश भर में एक करोड़ से अधिक नये जीएसटी टैक्स पेयर बढ़े हैं. जीएसटी लागू होने के बाद आइटीसी द्वारा कर भुगतान में आयी बढ़ोतरी का ऑडिट एवं कर वंचना निवारण के माध्यम से उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है. जीएसटी के तहत कार्यालय में बेहतर ढंग से काम हो, इसको लेकर अधिकारियों की संख्या में दोगुनी वृद्धि की गयी है. अब दो आयुक्त और दस सह आयुक्त के नेतृत्व में जीएसटी का कार्य सुगम तरीके से संचालित होगा. एसएन सिंह ने कहा कि ऑनलाइन काम में कुछ परेशानियां अवश्य आ रही हैं, लेकिन उनका समाधान निकट भविष्य में कर लिया जायेगा. वहीं प्रतिदिन 400 से अधिक रिफंड के आवेदन आ रहे हैं, जिसके कारण कुछ समस्याएं जरूर खड़ी हो रही हैं. जीएसटी के साथ 33 स्टेक होल्डर जुड़े हुए हैं. इसकी मॉनिटिरंग खुद प्रधानमंत्री कर रहे हैं. जीएसटी सेंट्रल एक्साइज के आयुक्त अजय कुमार पांडेय ने कहा कि जीएसटी में किसी को दिक्कत नहीं हो, इसे सुगम बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं. इसके तहत कार्यालय में वर्कशॉप, सेमिनार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, ऑडियो-वीडियो के तहत व्यक्तिगत संवाद स्थापित किया जा रहा है. बिष्टुपुर कार्यालय में मुख्य आयुक्त एसएन सिंह ने विभागीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की.